भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1582

दिनांक 15.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

राजस्थान में जल कनेक्शन

1582. श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत चार वर्षों के दौरान राजस्थान में जलापूर्ति विभाग द्वारा प्रदत्त जल कनेक्शनों का ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे जल कनेक्शन प्राप्त करने के लिए कोई नए नियम बनाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमजेएवाई) के तहत आवंटित घरों में ऐसे पानी के कनेक्शन प्रदान किए जाते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) राजस्थान के टोंक और सवाई माधोपुर जिलों में जलापूर्ति विभाग द्वारा प्रदान किए गए कनेक्शनों की संख्या कितनी है और कितने कनेक्शन प्रदान किए जाने हैं;

(ङ) क्या राज्य सरकार ने जल कनेक्शन प्राप्त करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में राजस्थान के टोंक और सवाई माधोपुर जिलों की समग्र रैंकिंग क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): भारत सरकार, अगस्त 2019 से राज्यों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है ताकि वर्ष 2024 तक प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत आबंटित घरों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु नल जल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल का प्रावधान किया जा सके।

जल जीवन मिशन - हर घर जल के कार्यान्वयन के लिए कार्यसंबंधी दिशानिर्देश राज्य सरकारों और जल क्षेत्र में काम करने वाले अन्य हितधारकों के परामर्श से तैयार किए गए हैं, और इसे सुशासन दिवस अर्थात 25.12.2019 को जारी किया गया था। जेजेएम के कार्यान्वयन के लिए कार्यसंबंधी दिशानिर्देश भी पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं और वेबसाइट https://jalshakti-ddws.gov.in/sites/default/files/JJM_Operational_Guidelines.pdf पर उपलब्ध हैं।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, राजस्थान राज्य में 11.74 लाख (11%) परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना मिली थी। अब तक, पिछले 40 महीनों में लगभग 19.36 लाख (18%) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 08.12.2022 तक, राज्य के 105.77 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 31.10 लाख (29%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

(घ) से (च) सूचित किए गए अनुसार, टोंक में कुल 2.27 लाख ग्रामीण परिवारों में से अब तक 0.63 लाख (27%) परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इसी तरह, सवाई माधोपुर में कुल 2.36 लाख ग्रामीण परिवारों में से अब तक 0.76 लाख (32%) परिवारों हेतु नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। राज्य ने 2024 तक शेष ग्रामीण परिवारों को कवर करने की योजना बनाई है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार ग्रामीण परिवारों हेतु नल जल कनेक्शन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, जिला और ग्राम-वार स्थिति और उनके कवरेज आदि की स्थिति पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है और जेजेएम डैशबोर्ड के निम्न लिंक पर उपलब्ध है: https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx

****